प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 90/2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**www.trai.gov.in**

नई दिल्ली, 08 सितंबर 2025

**तत्काल रिलीज़ के लिए**

## भा.दू.वि.प्रा. ने आंध्र प्रदेश राज्य (आंध्र प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र के अंतर्गत) में हैदराबाद–निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग, निजामाबाद शहर और आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भा.दू.वि.प्रा.) ने जुलाई 2025 के महीने के दौरान आंध्र प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए), जिसमें हैदराबाद–निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग और निजामाबाद शहर के विस्तृत मार्ग शामिल हैं, के लिए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए। भा.दू.वि.प्रा. क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में किए गए ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य विभिन्न उपयोग परिवेशों—शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र आदि—में वास्तविक दुनिया के मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करना था।

28 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 के बीच, भा.दू.वि.प्रा. की टीमों ने 162.6 किलोमीटर हैदराबाद–निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग, 404.9 किलोमीटर निजामाबाद शहर ड्राइव टेस्ट, 1.0 किलोमीटर वॉक टेस्ट और 06 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल थीं, जो विभिन्न प्रकार की हैंडसेट क्षमताओं वाले उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्षों को सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) को सूचित किया गया है।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख मापदंड:**

क) **वॉइस सेवाएँ:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप समय, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS), कवरेज।


ख) **डेटा सेवाएँ**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट और वीडियो स्ट्रीमिंग में देरी।


**हैदराबाद–निजामाबाद एनएच, निजामाबाद शहर में मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** – एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 98.29%, 97.18%, 99.62% और 98.68% की कॉल सेटअप सक्सेस रेट रही।

**ड्रॉप कॉल रेट** – एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.00%, 5.61%, 0.00% और 0.76% की ड्रॉप कॉल रेट रही।

**CSSR**: कॉल सेटअप सक्सेज रेट यानी (% में), **CST**: कॉल सेटअप समय (सेकंड में), **DCR**: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और **MOS**: सामान्य वॉइस क्वालिटी का प्रतिनिधित्व करने वाला मीन ओपिनियन स्कोर।



| सारांश – वॉइस सेवाएँ | सारांश – डेटा सेवाएँ |
|---|---|
| **कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 98.29%, 97.18%, 99.62% और 98.68% की कॉल सेटअप सक्सेस रेट रही।<br><br>**कॉल सेटअप समय:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप समय ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.98, 3.28, 0.77 और 0.80 सेकंड रहा।<br><br>**ड्रॉप कॉल रेट:** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 5.61%, 0.00% और 0.76% रही।<br><br>**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल में पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4G/5G) में क्रमशः 1.15%, 2.10% और 0.70% की कॉल साइलेंस रेट दर्ज की गई।<br><br>**मीन ओपिनियन स्कोर (MOS):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 3.95, 2.75, 3.83 और 3.74 रहा। | **डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड गति 142.47 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 2.93 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 248.19 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 23.71 Mbps रही।<br><br>**डेटा अपलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड गति 24.39 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 1.88 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 21.43 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 7.90 Mbps रही।<br><br>**लेटेंसी (कुल मिलाकर):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं परसेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 24.60 ms, 33.60 ms, 20.95 ms और 44.90 ms रही।<br><br>**डेटा प्रदर्शन – हॉटस्पॉट (Mbps में):**<br>**एयरटेल** - 4G D/L: 32.55 4G U/L: 6.36<br>5G D/L: 114.04 5G U/L: 14.45<br>**आरजेआईएल** - 4G D/L: 40.58 4G U/L: 9.41<br>5G D/L: 447.09 5G U/L: 42.31<br>**वीआईएल** - 4G D/L: 15.40 4G U/L: 8.44<br><br>**नोट: "D/L" का अर्थ है डाउनलोड गति तथा "U/L" का अर्थ है अपलोड गति। 4G एवं 5G तकनीक कुछ स्थानों पर उपलब्ध नहीं रही।** |

**हैदराबाद–निजामाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-44)** में मूल्यांकन में हैदराबाद से निजामाबाद तक का मार्ग शामिल था, जो मासाइपेट, नरसिंगी, रामायमपेट, भिकनूर, कामारेड्डी, धग्गी और धर्माराम आदि शहरों से होकर गुजरता है।

**निजामाबाद शहर** में मूल्यांकन में पथराजामपेट, लिंगापुर, कामारेड्डी, गंधारी, मेडीपल्ली, बांसवाड़ा, रुद्रर, पांडु तरफ़ा, नेहरू नगर, मुबारक नगर, नंदीपेट, मचेरीया, आर्मूर और जक्रानपल्ले आदि क्षेत्र शामिल थे।

भा.दू.वि.प्रा. ने स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाने के लिए निम्न स्थानों पर वास्तविक परिस्थितियों का भी मूल्यांकन किया:1. बस स्टैंड, कामारेड्डी 2.कलेक्टर कार्यालय, निजामाबाद, 3. कांतेश्वर मंदिर 4. निजामाबाद एरिया अस्पताल 5. रेलवे स्टेशन, कामारेड्डी 6. वेन्यू मॉल, निजामाबाद

ये परीक्षण वास्तविक परिवेश में ट्राई द्वारा अनुशंसित उपकरण और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भा.दू.वि.प्रा. की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद), भा.दू.वि.प्रा. से ईमेल: adv.hyderabad@trai.gov.in पर या टेलीफोन नंबर +91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।